मीरा बहन और बाघ

कहानी से

- **कहानी में बाघ को खतरनाक जानवर बताया गया है। नीचे दी गई सूची में सबसे खतरनाक चीज़ तुम्हारी समझ में क्या है और क्यों?**

चाकू, बिजली, टूटा हुआ काँच, आग

उत्तर इनमें कोई भी चीज अपने आप में खतरनाक नहीं है। अगर इनका इस्तेमाल सावधानी से करें तो, हमारा कुछ नुकसान नहीं होगा। लेकिन हमारी तरफ से थोड़ी-सी असावधानी हुई तो हमारा बहुत नुकसान हो सकता है। उदाहरण के तौर पर बिजली को लें। थोडी-सी असावधानी होने पर हमें करंट लग सकती है।

- **मीरा बहन की बात सुनकर गाँव के लोगों को निराशा हुई होगी। उन्होंने मीरा बहन से क्या कहा होगा? सोचकर गाँव के लोगों की बातें लिखो।**

उत्तर गाँव के लोगों ने मीरा बहन से इस प्रकार कहा होगा–बहन, ये आपने क्या कर दिया? बड़ी मेहनत से हमने बाघ को फँसाने के लिए पिंजड़ा बनाया था। बाघ अक्सर, गाँव में घुस आता है। पहली बार तो वह गाय को खा गया। दूसरी बार हो सकता है गाँव के किसी आदमी पर धावा बोल दे। हिंसक जानवरों का कोई भरोसा नहीं होता। अतः उनके प्रति दया दिखाना बिल्कुल अनुचित है।

खतरनाक है या नहीं

गेंवली गाँव के आसपास के जंगलों में बाघ जैसे खतरनाक जानवर भी रहते थे। तुम्हारे हिसाब से नीचे लिखे जंतुओं में से कौन-कौन खतरनाक हो सकते हैं? उन पर गोला लगाओ।

भैंस, चीता, बकरी, कुत्ता, बिल्ली, चूहा, साँप, बिच्छू, कछुआ, केंचुआ, तिलचट्टा, कबूतर, भालू
जिनके नाम पर तुमने गोला लगाया, वे कब खतरनाक हो सकते हैं?

उत्तर खतरनाक जंतुओं के नाम–चीता, साँप, बिच्छू, भालू।
उपरोक्त जानवर तब खतरनाक होते हैं जब हम उनके पास जाते हैं और उन्हें छेड़ते हैं।

- **चूहा पकड़ने का पिंजड़ा देखकर बताओ कि वह अपने आप कैसे बंद हो जाता है और एक बार कैद हो जाने के बाद चूहा उससे बाहर क्यों नहीं आ पाता?**

उत्तर चूहे का पिंजड़ा जालीदार होता है। उसमें एक दरवाजा होता है जिसका रास्ता एक टीन की पत्ती से बना होता है। यह तार के लीवर से नियंत्रित होता है। लीवर का ऊपरी हिस्सा पिंजड़े की रोटी से जुड़ा होता है। चूहा रोटी के लालच में जैसे ही दरवाजे की पत्ती पर आकर उसकी (रोटी की) तार को हिलाता है, दरवाजा बंद हो जाता है। दरवाजा उसके प्रयास से कभी नहीं खुलता। और वह कैद हो जाता है।

- **गाँव वालों ने बाघ को पिंजड़े में बंद करने की योजना बनाई थी। किसी आज़ाद पशु या पक्षी को पिंजड़े में बंद करके रखना सही है या गलत? क्यों?**

उत्तर किसी आजाद पशु-पक्षी को पिंजड़े में बंद करके रखना गलत है क्योंकि हमारी तरह उन्हें भी स्वतंत्र रहने का अधिकार है।

क्यों? कैसे

अपने मन से सोचकर लिखो, ऐसा कैसे किया होगा?

- बाघ की खबर पूरे गाँव में फैल गई। कैसे?
- लोग मीरा बहन के पास पहुँचे। क्यों?
- पिंजड़ा बिना बाघ के बंद हो गया। कैसे?

उत्तर
- बाघ ने गाय को मार डाला। गाय जिसकी होगी सबसे पहले उसे बाघ के बारे में पता चला होगा। फिर उस आदमी ने अपने आसपास के लोगों को बताया होगा। इस प्रकार धीरे-धीरे बाघ की खबर पूरे गाँव में फैल गई।
- गाँव में बाघ के आने से गाँव के लोग काफी चिंतित हो गए। अपनी चिंता का कारण बताने और निवारण के लिए वे मीरा बहन के पास पहुँचे।
- पिंजड़ा को मीरा बहन ने अपने हाथों बंद कर दिया।

बकरी कहे कहानी

सोचो, अगर यह कहानी बकरी सुनाती, तो क्या-क्या बताती। उसकी कहानी मज़ेदार होती न?
बकरी अपनी कहानी में क्या-क्या बताती?

उत्तर स्वयं करो।

चलो, पकड़ें

गाँववालों ने बाघ को पकड़ने के लिए एक योजना बनाई थी। कक्कू के घर में रोज़ बिल्ली आकर दूध पी जाती है। कक्कू की मदद करने के लिए कोई योजना बनाओ।

उत्तर स्वयं करो।

पाठ से आगे

ये सभी चित्र किसी एक व्यक्ति से जुड़े हुए हैं? पता करो कौन?



उत्तर ये सभी चित्र महात्मा गाँधी से जुड़े हैं।

कौन क्या है?

- बाघ, गाय, बकरी, हाथी और हिरण जानवर हैं। **नीचे लिखी हुई चीज़ें क्या है? खाली जगहों में लिखो।**

उत्तर
➢ अगरतला, अल्मोड़ा, रायपुर, कोच्चि, वडोदरा — नगर/शहर
➢ जलेबी, लड्डू, मैसूरपाक, कलाकंद, पेड़ा — मिठाइयाँ
➢ नर्मदा, कावेरी, सतलुज, ब्रह्मपुत्र, यमुना — नदियाँ
➢ बरगद, नारियल, पीपल, चीड़, नीम — वृक्ष
➢ गेहूँ, बाजरा, चावल, रागी, मक्का — अन्न/अनाज
➢ कुर्ता, साड़ी, फ़िरन, लहँगा, कमीज़ — वस्त्र/पोशाक

कोयल कू-कू, बकरी में-में

जानवरों की बोलियाँ तो तुमने सुनी ही होंगी। कोयल की बोली को जैसे **कूकना** कहते हैं और मक्खी की बोली को **भिनभिनाना,** वैसे ही अन्य जानवरों की बोलियों के भी नाम हैं।

नीचे दिए गए खाने में एक तरफ़ जानवरों के नाम हैं, दूसरी तरफ़ बोलियों के। ढूँढ़ निकालो कौन-सी बोली किसकी है?

जानवर	बोलियाँ
भैंस	मिमियाना
घोड़ा	रँभाना
हाथी	चिंघाड़ना
बकरी	हिनहिनाना

जानवर	बोलियाँ
शेर	रेंकना
गधा	रँभाना
गाय	भौंकना
कुत्ता	दहाड़ना

उत्तर

जानवर	बोलियाँ
• भैंस	रँभाना
• घोड़ा	हिनहिनाना
• हाथी	चिंघाड़ना
• बकरी	मिमियाना
• शेर	दहाड़ना
• गधा	रेंकना
• गाय	रँभाना
• कुत्ता	भौंकना

ठीक करो

हवाई जहाज़ आसमान उड़ रहा है।

तुम्हें यह वाक्य कुछ अटपटा लग रहा होगा। इस वाक्य को फिर से पढ़ो।

हवाई जहाज़ आसमान **में** उड़ रहा है।

- **अब इसी तरह इन वाक्यों को ठीक करो।**
  - ➢ धूप बैठकर ढोकला खाया।
  - ➢ पुतुल काम करने मना कर दिया।
  - ➢ लता सब मूँगफली खिलाई।
  - ➢ पहाड़ी गाँवों बाघ डर बना रहता है।

उत्तर
- ➢ धूप **में** बैठकर ढोकला खाया।
- ➢ पुतुल **ने** काम करने **से** मना कर दिया।
- ➢ लता **सबको** मूँगफली खिलाई।
- ➢ पहाड़ी गाँवों **में** बाघ **का** डर बना रहता है।

- अब वे सभी शब्द फिर से लिखो जिन्हें तुमने जोड़ा है।

उत्तर में, ने, से, को, में, का।